भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1541**

**28.07.2026 को उत्तर के लिए नियत**

## लद्दाख में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर

1541. **श्री मोहम्मद हनीफ़ाः**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने लद्दाख के उच्च ऊंचाई वाले और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों, विशेषकर से लेह-मनाली और श्रीनगर-लेह राजमार्गों पर एक व्यापक सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग नेटवर्क की आवश्यकता का आकलन किया है;

(ख) क्या सरकार लद्दाख में केन्द्रीय योजनाओं के अंतर्गत ईंधन स्टेशनों और अन्य उपयुक्त सार्वजनिक स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना करने या उन्हें सुकर बनाने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) लद्दाख में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत और प्रचालित किए गए सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या दूर-दराज के और कम आबादी वाले क्षेत्रों में चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण, पूंजीगत राजसहायता या अन्य प्रोत्साहन प्रदान किए जा रहे हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) लद्दाख के पर्यावरणीय रूप में संवेदनशील हिमालयी क्षेत्र में विद्युत गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क) से (ङ):** दिनांक 23.07.2026 की स्थिति के अनुसार इस संबंध में भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा कोई ऐसा आकलन नहीं किया गया है। ईवी चार्जिंग स्टेशनों (ईवीसीएस) की स्थापना अनुज्ञप्तिरहित (लाइसेंसरहित) गतिविधि है तथा ईवी/ईवी चार्जर के विनिर्माताओं एवं निजी क्षेत्र सहित कोई भी संस्था/इकाई भारत में कहीं भी ईवीसीएस की स्थापना, संचालन एवं अनुरक्षण करने के लिए स्वतंत्र है।

फेम-II स्कीम के अंतर्गत ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों (ईवीपीसीएस) की स्थापना के लिए 912.50 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया था। इसके अतिरिक्त, पीएम ई-ड्राइव

स्कीम के अंतर्गत लद्दाख क्षेत्र सहित देशभर में ईवीपीसीएस की स्थापना के लिए 2,000 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। फेम-II स्कीम के अंतर्गत कोई राज्य-वार आवंटन नहीं किया गया है।

इसके अतिरिक्त, पीएम ई-ड्राइव स्कीम के अंतर्गत लद्दाख से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

बीपीसीएल, आईओसीएल तथा एचपीसीएल नामक तीन तेल विपणन कंपनियों से प्राप्त सूचनानुसार, फेम-II स्कीम के अंतर्गत लद्दाख के लिए कुल 13 ईवीपीसीएस स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से दिनांक 01.07.2026 की स्थिति के अनुसार 12 ईवीपीसीएस प्रचालनरत हैं।

*****